संपादकीय

सड़कयात्रा जोखिम भरी, रोज 432 मौतें

भारत में औसतन हर घंटे 53 सडक़ हादसे होते हैं और उनमें 18 लोगों की जान जाती है- यानी रोज 432 मौतें। कुल जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 45 प्रतिशत में दो पहिया वाहन शामिल रहते हैं।

भारत में सडक़ यात्रा जोखिम भरी है, यह कोई रहस्य नहीं है। हर साल आने वाले आंकड़े इस बारे में चिंता बढ़ाते हैं, लेकिन उन आंकड़ों की चर्चा थमते ही सब कुछ जैसे को तैसा चलता रहता है। इसलिए परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के इस बारे में चिंता जताने से भी सूरत बदलेगी, इसकी आशा शायद ही किसी को होगी। भारत की छवि आज यह है कि यहां ऑटो उद्योग का तेजी से विकास हुआ है, लेकिन साथ ही भारत उन देशों में बना हुआ है, जहां सडक़ हादसों में सबसे ज्यादा मौतें होती है।

गडकरी भारतीय ऑटोमोबिल निर्माता संघ के वार्षिक सम्मेलन में गए, तो वहां उन्होंने कंपनियों के कर्ता-धर्ताओं को अपनी चिंता बताई। जिक्र किया कि भारत में औसतन हर घंटे 53 सडक़ हादसे होते हैं और 18 लोगों की जान जाती है- यानी रोज 432 मौतें। गडकरी ने बताया कि कुल जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 45 प्रतिशत में दो पहिया वाहन शामिल रहते हैं। उनके अलावा पैदल चलने वाले लोग लगभग 20 प्रतिशत दुर्घटनाओं के शिकार बनते हैं।

यानी मौतों के मामले में देखें, तो निम्न मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग इनकी चपेट में ज्यादा आते हैं। उन मौतों के बाद पीड़ित परिवारों पर क्या गुजरती है, यह एक अलग दुखद दास्तां है। लेकिन समाधान क्या है? गडकरी ने कंपनी अधिकारियों से कहा कि उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग सिखाने वाले स्कूल अधिक से अधिक संख्या में खोलने चाहिए। जाहिर है, यह एक सदिच्छा ही है।

वैसे हादसों का एक बड़ा कारण सडक़ों का असुरक्षित निर्माण भी है। स्पष्टत: इसकी जवाबदेही सरकार पर आती है। गडकरी ने कहा कि सडक़ों की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार पहल कर रही है। लेकिन वो पहल कम जमीन पर उतरेगी और कब उसके सकारात्मक लाभ दिखेंगे, इस बारे में परिवहन मंत्री चुप ही रहे। यही समस्या है। गंभीर मसलों के लिए दूसरों की जिम्मेदारी का जिक्र हमारी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। जब बात अपने दायित्व पर आती है, अक्सर अधिकारी सामान्य बातें कह कर निकल जाते हैं। जब तक इससे उबरा नहीं जाता, भारत की सडक़ें इसी तरह जानलेवा बनी रहेंगी।

ईपीएफओ इतिहास में जुलाई में जुड़े सबसे ज्यादा 19.94 लाख नए सदस्य

नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुलाई में शुद्ध रूप से 19.94 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। यह अप्रैल 2018 के बाद पेरोल डेटा रिकॉर्ड किए जाने की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से जारी किए गए डेटा से यह जानकारी मिली।

ईपीएफओ से जुलाई में 10.52 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। जून के मुकाबले इसमें 2.66 प्रतिशत और पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले इसमें 2.43 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि नए सदस्यों की संख्या में बढ़त दिखाती है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और ईपीएफओ का आउटरीच प्रोग्राम सफल हो रहा है। इससे ईपीएफओ के फायदों को लेकर कर्मचारियों में जागरूकता आ रही है।

14.65 लाख सदस्य जो कि पहले ईपीएफओ सिस्टम से बाहर हो गए थे, जुलाई में दोबारा वापस आ गए थे। इस आंकड़े में सालाना आधार पर 15.25 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इन सदस्यों की ओर से पीएफ में मौजूद पैसे को निकालने की जगह ट्रांसफर करने का विकल्प चुना है, जो दिखाता है कि अधिक कर्मचारी वित्तीय सुरक्षा को चुन रहे हैं।

सबसे अधिक तेजी 18 से 25 आयु वर्ग के लोगों के बीच देखी गई है। जुलाई में इस आयु वर्ग के 8.77 लाख नए सदस्य जुड़े हैं।

जुलाई में ईपीएफओ से जुडऩे वाली नई महिला सदस्यों की संख्या 3.05 लाख थी। इसमें सालाना आधार पर 10.94 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। शुद्ध रूप से कुल 4.41 लाख महिलाएं जुलाई में ईपीएफओ से जुड़ी थी, यह डेटा रिकॉर्ड किए जाने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसमें सालाना आधार पर 14.41 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है।

मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, ईपीएफओ से जुलाई में जुड़े कुल सदस्यों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा और गुजरात की हिस्सेदारी 59.27 प्रतिशत है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा 20.21 प्रतिशत सदस्य महाराष्ट्र में जुड़े हैं।

बड़ी बात यह है कि ईपीएफओ के सदस्यों में शुद्ध वृद्धि में 38.91 प्रतिशत हिस्सेदारी एक्सपर्ट सर्विसेज सेक्टर की है। इसमें मैनपावर सप्लायर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, सिक्योरिटी सर्विसेज और अन्य शामिल हैं।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यमुना अथॉरिटी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स का दिखेगा जलवा

ग्रेटर नोएडा

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार यमुना प्राधिकरण अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर जो स्टॉल लगाएगा, उसमें मॉडल के साथ ही उनकी जानकारी भी दी जाएगी। इस बार यमुना प्राधिकरण खासतौर से उन सभी प्रोजेक्ट से जुड़े स्टॉल लगाएगा, जो जल्द ही लॉन्च हो रहे हैं। यमुना प्राधिकरण को 1,644 स्क्वायर मीटर की जगह अलॉट की गई है, जिसमें 16 स्टॉल लगाए जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि मुख्य स्टॉल यीडा का लगाया जाएगा। जिसमें फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की थीम मुख्य रहेगी।

उन्होंने बताया कि अभी हाल में ही ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन हुआ था, जिसमें कई निवेशकों ने निवेश में रुचि दिखाई है और हमारे तीन प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास हैं, जो जल्द ही अप्रूव हो सकते हैं। इसके साथ-साथ यूएस की कई कंपनियों ने भी निवेश की इच्छा जाहिर की है। सेमीकंडक्टर के लिए हमने जमीन आरक्षित कर दी है और वह हमारे कब्जे में भी आ गई है, जो हमारी मुख्य थीम रहने वाली है।

सीईओ ने बताया कि अभी तक हमारे पास आईटी और आईटीएस के लिए कोई भी सेक्टर नहीं था, जिसे देखते हुए अब हम सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क भी डेवलप करने जा रहे हैं। इसमें हमारे साथ विप्रो, इंफोसिस और टाटा जैसी बड़ी कंपनियां साथ आने को तैयार हैं। इसके लिए हमने जमीन चिन्हित कर ली है और बोर्ड बैठक के बाद इस प्रस्ताव को भी लाया जाएगा। इसे भी हम इस यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हाईलाइट करने जा रहे हैं। 26 सितंबर को यमुना अथॉरिटी की बोर्ड बैठक भी होगी और 25 सितंबर से इंटरनेशनल ट्रेड शो शुरू हो रहा है तो इसी दौरान हमारी कई योजनाएं बोर्ड बैठक में पास भी हो जाएंगी।

कम होने वाले है प्याज के रेट, कीमत नियंत्रित करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

नई दिल्ली

सरकार ने हाल ही में प्याज की कीमतों में वृद्धि पर नियंत्रण पाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी को काबू करने के लिए सरकार ने 'बफर स्टॉक' से प्याज की बिक्री बढ़ा दी है। बता दें, बफर स्टॉक वह भंडार है, जिसे सरकार खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए रखती है। यह स्टॉक बाजार में कीमतों को स्थिर रखने के लिए उपयोग किया जाता है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि सरकार ने थोक बाजारों में प्याज की बिक्री को बढ़ा दिया है। यह कदम विशेष रूप से दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में उठाया गया है। निधि खरे ने कहा कि जब सरकार ने निर्यात शुल्क हटाया, तब प्याज की कीमतों में वृद्धि का अंदेशा था। वर्तमान में, सरकार के पास 4.7 लाख टन का बफर स्टॉक उपलब्ध है। सरकार 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री करने की योजना बना रही है। यह बिक्री उन शहरों पर अधिक ध्यान देगी, जहां प्याज की कीमतें अन्य जगहों की तुलना में अधिक हैं।

ग्रीन पार्क स्टेडियम में इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं सबसे ज्यादा टेस्ट शतक

❑ भारत बनाम बांग्लादेश

कानपुर

भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।इस मैदान पर भारतीय टीम ने 23 टेस्ट में से 7 मैच जीते हैं और 3 में हार झेली है।दूसरी तरफ बांग्लादेशी टीम ने अब तक यहां पर कोई टेस्ट नहीं खेला है।इस बीच यहां पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ का ग्रीन पार्क स्टेडियम में शानदार रिकॉर्ड रहा है।शीर्षक्रम के इस बेहतरीन बल्लेबाज ने इस मैदान पर 7 टेस्ट की 12 पारियों में 86.22 की उम्दा औसत के साथ 776 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 3 शतक और 4 अर्धशतक लगाए थे।इस मैदान पर उनकी सर्वोच्च पारी 179 रन रही थी।वह टेस्ट प्रारूप में कानपुर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने भी कानपुर के ऐतिहासिक मैदान पर 3 शतक लगाए थे।अपनी कलात्मक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे अजहरुद्दीन ने ग्रीन पार्क में 3 टेस्ट खेले, जिसकी 5 पारियों में 181.00 की अविश्वसनीय औसत के साथ 543 रन बनाए थे।इस बीच 199 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा था।उन्होंने इस मैदान पर 3 शतक लगाने के अलावा 1 अर्धशतक भी अपने नाम किया था।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को कानपुर में बल्लेबाजी करना रास आता था।अपनी धाकड़ बल्लेबाजी के लिए विश्व विख्यात सहवाग ने इस मैदान पर 3 टेस्ट खेले, जिसकी 4 पारियों में उन्होंने 81.25 की प्रभावशाली औसत के साथ 325 रन बनाए थे।दिलचस्प रूप से उन्होंने ये रन लगभग 87 की स्ट्राइक रेट से दर्ज किए थे।उन्होंने ग्रीन पार्क स्टेडियम में 164 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 शतक लगाए थे।

लक्ष्मी, पोलोसाक आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों में शामिल

दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को घोषणा की कि दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में बांग्लादेश द्वारा आयोजित आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण में अंपायरिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी, जबकि किम कॉटन और जैकलीन विलियम्स पिछले फरवरी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच केप टाउन में फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी।

सू रेडफर्न, जो उस फाइनल के लिए टीवी अंपायर थीं, टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए भी वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा डंबनेवाना अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

मैच रेफरी की टीम में भारत की जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20 मैच रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज़ और मिशेल परेरा भी हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग कर रही हैं।

आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक - अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी ने कहा: आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूरी तरह से महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट मैचों में अपने हालिया प्रदर्शन के आधार पर इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर के कुछ बेहतरीन अंपायर शामिल हैं।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारी : मैच रेफरी का आईसीसी एलीट पैनल: शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

अंपायरों का आईसीसी एलीट पैनल: लॉरेन एगेनबैग, किम कॉटन, सारा डंबनेवाना, अन्ना हैरिस, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स।

खुद को 2024 का चैंपियन कहने के अधिकार के लिए दस टीमें दुबई और शारजाह में 18 दिनों में 23 मैच खेलेंगी।

मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है: धवल कुलकर्णी

जोधपुर

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि उन्हें देश के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है और वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए अपने पांच रणजी ट्रॉफी खिताब से संतुष्ट हैं।

कुलकर्णी, जिन्होंने 2014 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया था, ने देश के लिए 12 वनडे मैच और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 22 विकेट लिए। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को अपने प्रभावशाली घरेलू करियर के बावजूद कभी भी टेस्ट क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला।

96 प्रथम श्रेणी मैचों में, उन्होंने मुंबई के लिए 27.11 की औसत से 285 विकेट लिए, जिसमें 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। अनुभवी गेंदबाज ने बताया कि उनके समय में भारतीय टीम में भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, उमेश यादव और इशांत शर्मा जैसे अच्छे तेज गेंदबाज थे, जिससे टीम में उनके मौके कम हो गए।

कुलकर्णी ने कहा, मेरे समय में भारतीय टीम में तेज गेंदबाज थे जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और इसी वजह से मैं टेस्ट नहीं खेल पाया। मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मैंने जब भी भारत के लिए खेला, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मैं इससे संतुष्ट हूं। मैंने मुंबई के साथ पांच रणजी खिताब जीते हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है और मैं इससे बहुत खुश हूं।

दिग्गज एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बीच नेतृत्व कौशल में अंतर के बारे में पूछे जाने पर, तेज गेंदबाज ने कहा, मुझे माही (एमएस धोनी) के नेतृत्व में बहुत खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन रोहित की कप्तानी में मैंने बहुत खेला है। उनके जैसा कप्तान होना जरूरी है। वह टीम के हर एक सदस्य की बात सुनते हैं (पहले से लेकर आखिर तक) और यही बात उन्हें एक पसंदीदा कप्तान बनाती है।

पुष्पा 2 का काउंट डाउन शुरू, फिल्म से नया पोस्टर जारी

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2: द रूल देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का नया काउंट डाउन पोस्टर जारी किया है. इस पोस्टर के जरिए मेकर्स ने फैंस और दर्शकों को याद दिलाया है कि फिल्म इस साल के आखिरी महीने में रिलीज हो रही है.

पुष्पा 2: द रूल ने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का नया पोस्टर जारी किया है. इस पोस्टर में फिल्म की रिलीज डेट का काउंट डाउन भी दिया है. पुष्पा 2: द रूल को सिनेमाघरों में रिलीज में सिर्फ 75 दिन बचे हैं.

पुष्पा 2: द रूल का नया काउंट डाउन पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने के लिए 75 दिन. पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा. सिनेमा में द रूल 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी.

लाल रंग के पोस्टर में पुष्पाराज को चंदन की लकडिय़ों को देखते हुए देखा जा सकता है. हालांकि पोस्टर में अल्लू अर्जुन के चेहरे को दिखाया नहीं गया है. पोस्टर में लिखा है, 75 दिन बाकी है. फिल्म के नए पोस्टर ने फैंस के एक्साइटमेंट लेवल को हाई कर दिया है.

फैंस पुष्पा 2 दर रूल का इंतजार लंबे समय से कर रहे हैं. पहले यह फिल्म बीती 15 अगस्त को स्त्री 2 से होना था, लेकिन पुष्पा 2 की रिलीज डेट को आगे खिसकाकर 6 दिसंबर कर दिया गया.

हॉरर-कॉमेडी स्त्री 2 ने रचा इतिहास, बनी 600 करोड़ कमाने वाली देश की पहली हिंदी फिल्म

स्त्री 2 का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन बढ़ता ही जा रहा है. श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 ने बीती 15 अगस्त के अभी तक थिएटर्स में अपना कब्जा जमा रखा है. जवान, पठान और बाहुबली 2 समेत इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की सभी फिल्मों का रिकॉर्ड तोडऩे के बाद स्त्री 2 ने अपने 39 दिन पूरे कर लिए हैं और आज 23 सितंबर को फिल्म अपनी रिलीज के 40वें दिन में चल रही है. वहीं, स्त्री 2 के मेकर्स ने फिल्म की 40 दिनों की कमाई का पूरा हिसाब-किताब अपने दर्शकों के साथ शेयर कर दिया है.

सैकनिल्क के अनुसार, स्त्री 2 ने 39 वें दिन 5 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. स्त्री 2 के मेकर्स मडोक फिल्म्स के अनुसार फिल्म ने भारत में ग्रॉस कलेक्शन 713 करोड़ रुपये और 604.22 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है.

राम गोपाल वर्मा की फिल्म साड़ी का पहला सिंगल आई वांट लव लिरिकल वीडियो सॉन्ग रिलीज

❑ पहली बार एआई से संगीत तैयार!!

रामगोपाल वर्मा की नवीनतम फिल्म सारी की टैगलाइन टू मच लव कैन बी स्केरी है और यह नवंबर में तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम भाषाओं में पैन इंडिया फिल्म के रूप में रिलीज होगी। गिरि कृष्ण कमल के निर्देशन में, इस फिल्म का निर्माण एआरवी आरवी प्रोडक्शंस के बैनर तले प्रसिद्ध व्यवसायी रवि वर्मा द्वारा किया जा रहा है।

राम गोपाल वर्मा ने कहा: मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं और मेरे साथी रवि वर्मा आरजीवी डेन म्यूजिक लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें केवल हमारे सहयोग से एआई एप्स द्वारा तैयार किया गया संगीत होगा। एआई म्यूजिक का पहला प्रयोग हमारी नई फीचर फिल्म सारी में किया गया है। दूसरे शब्दों में, सारी का पूरा संगीत जिसमें इसका बैकग्राउंड स्कोर भी शामिल है, एआई द्वारा तैयार किया गया है, जो सारी को एआई द्वारा तैयार किए गए संगीत का उपयोग करने वाली पहली पूर्ण लंबाई वाली फीचर फिल्म बनाता है।

बहुत जल्द ही एआई म्यूजिक निश्चित रूप से मानव संगीत उद्योग को प्रभावित करेगा। निकट भविष्य में मानव संगीतकार, संगीतकार, गीतकार और गायक पूरी तरह से गायब हो जाएंगे क्योंकि एआई ऐप्स तेजी से विकसित होते रहेंगे

एआई ऐप्स के विपरीत, मानव संगीतकार अक्सर समय सीमा को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं, संगीतकारों को शेड्यूलिंग संघर्षों का सामना करना पड़ता है और गीतकार गीत के सार को पकडऩे में विफल हो सकते हैं और गायक भी अपने स्वयं के मुद्दों के साथ आते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 188

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 187 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू- 188

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.187 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

आज का राशिफल

मेष : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने विचारों के साथ-साथ दूसरे लोगों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आय के साधन बढऩे के साथ-साथ खर्चों की भी अधिकता बनी रहेगी।

वृष: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए बहुत बढिय़ा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नये जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन शुभ है।

कर्क: आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नये बिजनेस की शुरुआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी।

सिंह: आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं तो आपके लिए अच्छी साबित हो सकती हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा। जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके।

कन्या: आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। असमंजस की स्थिति में परिवार वालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा।

तुला: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। किसी काम को करने में आज आपके सामने कई बड़ी चुनौतियां आएंगी। जिसे आप धैर्य के साथ सॉल्व कर लेंगे। आज सोसाइटी में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

वृश्चिक: आज पूरान विचारों को छोडक़र नए विचारों को अपनाऐंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाऐगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है। अध्यात्म और धर्म कर्म के कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी।

धन: आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरुरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है। यात्रा लाभदायक होगी। कारोबारी मामलों में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। अभी कार्यों की गति मध्यम ही रहेगी।

मकर: आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा। आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा। समय का उचित सदुपयोग करें। सामाजिक और सोसाइटी संबंधी गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए सहायक रहेगा। किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। घर का माहौल सुखद और शांतिपूर्ण बना रहेगा।

मीन: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। किसी पुराने उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज स्वास्थ्य आपका पहले से बेहतर रहेगा।